# नामांकन हेतु आवश्यक दस्तावेज

(1) नाजीर रसीद का मूल कॉपी यदि दो सेट में दाखिल करते है तो एक में मूल और दुसरे में उसका फोटो कॉपी लगेगा।

(2) SC & ST के लिये जाति प्रमाण पत्र चाहिए।

(3) मुखिया / पंचायत समिति सदस्य एवं जिला परिषद सदस्य के लिये दो प्रकार का शपथ पत्र लगेगा, नोटरी से सत्यापित किया हुआ, जो नोमिनेशन पेपर खरीदने समय, ब्लॉक से मिलेगा, उसी को भरकर नोटरी से सत्यापित कराना है।

(4) वार्ड सदस्य के लिये घोषणा पत्र एवं शपथ पत्र को अपने से भरकर स्व0 अभिप्रमाणित कर देना है, नोटरी से नहीं कराना है।

(5) प्रस्तावक एवं अभ्यर्थी का वोटर आई कार्ड की छाया प्रति एवं आधार कार्ड की छाया प्रति लगेगा, उम्र के लिये वोटर लिस्ट ही सही माना जायेगा।

(6) यदि एजेन्ट/अभिकर्ता बनाना चाहते है, तो उसका आधार एवं दो फोटो लगा देगें।

(7) अभ्यर्थी का भी पहचान पत्र बनाने के लिये दो फोटो लगेगा।

(8) नामांकन पत्र दाखिल करते समय यदि कोई पेपर लगाना भूल जाते है तो तत्काल आपको लिखित में Checklist (चेक लिस्ट) में लिखकर आपको पुनः देने के लिये निर्देश दिया जायेगा।

(9) नामांकन पत्र 11:00 बजे पूर्वाहन से 3 बजे अपराह्न तक ही स्वीकार किया जायेगा।

(10) नामांकन शुल्क (नाजीर रसीद द्वारा)

| पद | शुल्क | छूट वाले वर्ग |
|---|---|---|
| जिला परिषद | 500 | 250 - SC, ST & महिला |
| पंचायत समिति सदस्य | 250 | 125 SC, ST, महिला |
| मुखिया | 250 | 125 SC, ST, महिला |
| ग्राम पंचायत सदस्य (वार्ड) | 100 | 50 SC, ST, महिला |